नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## हिंदी विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता
## कबड्डी के उदघाटन मैच में शिक्षा विभाग विजेता

वर्धा, 21 दिसंबर 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता के उदघाटन के दिन कबड्डी का रोमांचक मुकाबला सेवन स्टार एवं शिक्षा विभाग के बीच हु आ, जिसमें शिक्षा विभाग की टीम को जीत हासिल हु ई। मेजर ध्यानचंद खेल प्रांगण में शुक्रवार को यह मैच खेला गया।

सेवन स्टार की टीम में प्रतीक, मयूर मसने, प्रीतम, जीवन, ऋषिकेश और हर्षल इन विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। शिक्षा विभाग की टीम में रामयतन, नवनीत नागर, हिमांशु गुप्ता, राजा राम, जसबिंदर, केशव कुमार और



रामानुज इन विद्यार्थियों के हिस्सा लिया।

हर वर्ष की तरह विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न 34 प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। कबड्डी को पहली बार शामिल किया गया है। इससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह दिख रहा है। उदघाटन मैच से ही खिलाड़ी बड़ी तैयारी और जज्बे के साथ मैदान में नज़र आए। आनेवाले मैच और रोमांचक होने का अंदाज इस मैच से लगा। कबड्डी के संयोजक डॉ. लेखराम दन्नाना, डॉ. मुन्ना



लाल गुप्ता और प्रीति खोडे हैं। रेफरी की भूमिका में संजीव राज और अमन ताकसांडे थे। इस अवसर पर खेल समिति के अध्यक्ष प्रो.नृपेंद्र प्रसाद मोदी सहित समिति के अन्य संयोजक, सदस्य तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।